# विकास कार्यों का निगम आयुक्त किए मैराथन भ्रमण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–1 नेहरू नगर अंतर्गत रोड निर्माण, नाली, सफाई, सिवरेज लाइन, सड़कों की सफाई, उद्यान, अटल परिसर सहित तारामण्डल उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा नेहरू नगर के शिवाजी चौक समीपस्थ रोड, नाली सफाई एवं सिवरेज का निरीक्षण किया गया। सिवरेज का पानी सड़क में बह रहा था, जिसे तत्काल सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही सिवरेज हेतु बनाये गये चेंबर का ढ़क्कन टूटकर गिरा हुआ था, दुर्घटना की संभावना को देखते हुए ढ़क्कन लगाने निर्देशित किये। आगामी समय में इस रोड का निर्माण किया जाना है ।शहस्त्रबाहु उद्यान को संस्था द्वारा स्वयं के रखरखाव हेतु दिया गया है, संबंधित संस्था को उद्यान के घास कटिंग एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया है। बख्शी उद्यान में स्थापित झूला टूट गया है, जिसका संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये । उद्यान में उपस्थित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रोपित पौधों एवं उद्यान के सम्बन्ध में चर्चा किये। जर्जर सड़कों के मरम्मत एवं साफ सफाई का अवलोकन किये। तारामण्डल उद्यान में शासन के मंशानुसार अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है, बिना विलम्ब के कार्य शीध्र पूर्ण करने एजेंसी को निर्देशित किया गया है। निर्माण कार्य लगभग अंतिम स्थिति में है । साथ ही तारामंडल एवं उद्यान के रखरखाव एवं संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण हेतु सहायक अभियंता एफ एल साहू को निर्देशित किया गया है। प्रियदर्शनी परिसर रेलवे ट्रैक के किनारे रोड का निर्माण किया जाना है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया है। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी उपस्थित रहे।

